## रवि शास्त्री ने खास अंदाज में दी शुभकामनाएं



**कमेटी की सिफारिश पर बने थे कोच**

शास्त्री के कार्यकाल में टीम ने टेस्ट की नंबर एक रैंकिंग हासिल की। विदेशों में जाकर कई सीरीज जीती। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में तिरंगा लहराया। 2017 में सौरव गांगुली, सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण वाली क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी ने उन्हें भारतीय टीम का हेड कोच बनाया था।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नया साल 2022 सभी के लिए मंगलमय हो, इसी मंगलकामना के साथ पूरी दुनिया ने इसका स्वागत किया। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं दी है। शास्त्री ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से एक वीडियो अपलोड किया है जिसमें वह बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह के साथ जमकर मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड में हम बने तुम बने एक दूजे के लिए... गाना चल रहा है और इस सुपर हिट गाने पर शास्त्री 83 मूवी के अभिनेता रणवीर सिंह के साथ जमकर डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। शास्त्री ने रणवीर सिंह को टैग करते हुए कैप्शन लिखा, डांस सिखाने के लिए धन्यवाद रणवीर सिंह। आप सभी के लिए साल 2022 शानदार, स्वस्थ और प्रेरक हो। टीम इंडिया के पूर्व मुख्य कोच ने जो वीडियो शेयर किया है वह फिल्म 83 के प्रीमियर की नाइट की है। इस दौरान दोनों ने शानदार डांस किया था। टी20 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के साथ रवि शास्त्री का कार्यकाल समाप्त हो गया।

# अब आग में थोड़ा और ईंधन डाला गया है...

**क्रिकेट**

## कोहली के बयान पर सफाई देकर चेतन शर्मा ने आग में घी डाल दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि सिमित प्रारूप की कप्तानी को लेकर विराट कोहली ने जो बयान दिए थे उस पर चीफ सेलेक्टर चेतन शर्मा की सफाई ने आग में घी डालने का काम किया है। चेतन शर्मा की इस सफाई के बाद कोहली और बोर्ड में एक बार फिर से टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है और अगर ऐसा होता है तो आश्चर्य नहीं होगा। दक्षिण अफ्रीका में खेले जाने वाले वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा करने से पहले, चेतन ने बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि चयन बैठक में मौजूद सभी लोगों ने कोहली से टी20 टीम की कप्तानी छोड़ने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया था।

इस मामले पर आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि




अब आग में थोड़ा और ईंधन डाला गया है जो पहले से ही थी। चेतन शर्मा का बयान बोर्ड का ही बयान है क्योंकि वो चीफ सेलेक्टर हैं। चेतन शर्मा ने कहा था कि हम सभी ने कोहली को कप्तानी नहीं छोड़ने के लिए कहा था क्योंकि उसके लिए वो उचित समय नहीं था और इसका असर टी20 वर्ल्ड कप पर पड़ता, लेकिन विराट नहीं माने थे। चयन समिति की बैठक में मौजूद हर व्यक्ति ने विराट से कप्तानी नहीं छोड़ने के लिए कहा था, लेकिन विराट कोहली ये करना ही चाहते थे। वहीं कोहली ने कहा था कि किसी ने उनसे नहीं कहा था कि आप कप्तानी मत छोड़ो। सभी ने यही कहा था कि ये एक प्रगतिशील कदम है।

कोहली ने साउथ अफ्रीका रवाना होने से पहले कहा था कि वनडे की कप्तानी से हटाने को लेकर उनसे किसी ने बात नहीं की थी और टेस्ट टीम की घोषणा किए जाने से सिर्फ डेढ़ घंटा पहले ही उन्हें कप्तानी छोड़ने के लिए कहा गया था। अब आकाश चोपड़ा को लगता है कि चेतन शर्मा ने बयान देकर शाट फायर कर दिया है और अब विराट कोहली जरूर इसे अपनी तरफ से साफ करना चाहेंगे कि सही क्या है या गलत क्या है, लेकिन ये भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं है। हालांकि कई बार कोई कुछ कहता है तो दूसरा उसे साफ करना चाहता है, लेकिन ये वास्तव में अच्छा नहीं है। वैसे अगर ये होता है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं होगी।

## नए साल के जश्न में डुबी कोहली एंड कंपनी, खिलाड़ियों ने खूब मौज मस्ती की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज पर पति विराट कोहली के साथ फोटो शेयर करते हुए हैप्पी न्यू ईयर विश किया है। अनुष्का इस समय विराट के साथ साउथ अफ्रीका दौरे पर हैं।

विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने नए साल 2022 का जश्न धमाकेदार तरीके से मनाया। भारतीय टीम इस समय साउथ अफ्रीका दौरे पर है जहां टीम के खिलाड़ियों ने नव वर्ष का स्वागत बेहतरीन तरीके से किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने खूब मौज मस्ती की।

टीम इंडिया ने टीम होटल में जमकर पार्टी की और एक साथ डिनर एंज्वॉय किया। भारतीय



खिलाड़ियों ने अपने अपने सोशल अकाउंट पर तस्वीरें भी शेयर की। चोटिल रोहित शर्मा की जगह टेस्ट स्क्वॉड में शामिल किए गए प्रियांक पांचाल ने श्रेयस अय्यर के साथ तस्वीर शेयर किया है। सेंचुरियन में टेस्ट क्रिकेट में विकेटों का दोहरा शतक पूरा करने वाले पेसर मोहम्मद शमी ने टीम इंडिया के साथी खिलाड़ियों के साथ फोटो शेयर कर हैप्पी न्यू ईयर कहा है। शमी के साथ खिलाड़ी मस्ती के मूड में नजर आ रहे हैं। टीम इंडिया ने रिसॉर्ट में ही पार्टी की।

भारतीय टीम ने हाल में सेंचुरियन टेस्ट में मेजबान दक्षिण अफ्रीका को 113 रन से हराया था। टीम इंडिया ने पहली बार सेंचुरियन का किला फतह किया था। भारत 3 मैचों की सीरीज में 1–0 से आगे है। टीम इंडिया सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 3 जनवरी 2022 से खेलेगी।

## भारत का कौन युवा बल्लेबाज भविष्य में देश के लिए चमत्कार करेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 19 जनवरी से खेले जाने वाले तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान 31 दिसंबर को किया गया। इस सीरीज के लिए जिन 18 सदस्यीय भारतीय टीम का एलान किया गया उसमें इंजरी की वजह से रोहित शर्मा को जगह नहीं दी गई और वनडे टीम का कप्तान केएल राहुल को बनाया गया। वहीं दूसरी तरफ इस टीम में आइपीएल 2021 और विजय हजारे टूर्नामेंट 2021 में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज रितुराज गायकवाड़ को टीम में जगह दी गई। गायकवाड़ की प्रशंसा करते हुए टीम के चीफ सेलेक्टर चेतन शर्मा ने कहा कि वो भविष्य में भारत के लिए चमत्कार करेंगे। रितुराज के लिए आइपीएल 2021 का सीजन शानदार रहा था, जहां उन्होंने 16 पारियों में 45.35 के औसत और 136.26 के स्ट्राइक–रेट से 635 रन बनाए। उन्होंने इस सीजन में चार अर्द्धशतक और एक शतक लगाया, साथ ही आइपीएल 2021 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।

## न्यूज डायरी




### कॉनवे का शतकीय सलाम, बांग्लादेश के खिलाफ न्यूजीलैंड मजबूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड)। डेवोन कॉनवे के शतक से न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन 5 विकेट पर 258 रन बनाए। चौथे ओवर में एक रन के स्कोर पर कप्तान टॉम लैथम (01) के पवेलियन लौटने के बाद क्रीज पर उतरे कॉनवे ने 227 गेंद में 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 122 रन की पारी खेलने के अलावा सलामी बल्लेबाज विल यंग (52) के साथ दूसरे विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी भी की। दिन का खेल खत्म होने पर हेनरी निकोल्स 32 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे कॉनवे ने 2021 में 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और अपनी पहली ही टेस्ट पारी में दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने इसके बाद तीनों प्रारूपों में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। चार टेस्ट के भीतर ही कॉनवे के नाम एक दोहरा शतक, एक शतक और दो अर्धशतक से 83 की औसत से 501 रन दर्ज थे।

### ओपनर रुतुराज गायकवाड़ को अच्छे प्रदर्शन का मिला इनाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी वनडे मैचों की सीरीज के लिए चुने गए फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की सराहना की है। चीफ सेलेक्टर का कहना है कि महाराष्ट्र का यह बल्लेबाज राष्ट्रीय टीम के लिए बेहद सफल हो सकता है। भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19, 21 और 23 जनवरी को पार्ल और केपटाउन में तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने हैं। चेतन शर्मा की अगुआई वाली चयन समिति ने शुक्रवार को इस श्रृंखला के लिए टीम का चयन किया।
चेतन शर्मा ने टीम चयन के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, देखिए, बेशक उसे सही समय पर मौका मिला है। वह टी20 टीम में थे और अब वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में भी हैं। चयनकर्ताओं को लगता है कि उन्हें जिस भी टीम में जगह मिलेगी वह देश के लिए बेहद सफल रहेंगे। पुणे के रहने वाले 24 साल के रुतुराज 2021 इंडियन प्रीमियर लीग में 635 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

### आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ गेल को क्यों नहीं मिला मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सेंट जोंस। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी लिमिटेड ओवर्स की सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। कप्तान कायरन पोलार्ड की विंडीज टीम में वापसी हुई है। पोलार्ड चोट से उबरकर टीम में वापसी कर रहे हैं। हैरानी वाली बात यह है कि अनुभवी विस्फोटक ओपनर क्रिस गेल को टीम से बाहर रखा गया है। हालांकि गेल को बाहर रखने के पीछे विंडीज बोर्ड सही मौके की तलाश की बात कही है। क्रिकेट वेस्ट इंडीज के चीफ रिकी स्केरिट ने हमारे सहयोगी वेबसाइट क्रिकबज से कहा कि बोर्ड गेल की विदाई फैंस की मौजूदगी में देना चाहता है। ऐसे में वह सही समय और मौके की तलाश कर रहा है। विंडीज को 22 से 30 जनवरी 2022 तक केनसिंग्टन ओवल में 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले विंडीज को आयरलैंड की मेजबानी करनी है।

### भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच सोमवार से खेला जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने सेंचुरियन का किला फतह कर सीरीज जीत की ओर मजबूती से कदम बढ़ा दिए हैं। दूसरा टेस्ट मैच सोमवार (3 जनवरी 2022) से जोहानिसबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में खेला जाएगा। इस वेन्यू की बात करें तो भारत का इस मैदान पर रिकॉर्ड शानदार है। टीम इंडिया पिछले 30 वर्षों से दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर रही है। लेकिन अभी तक एक भी टेस्ट सीरीज उसके हाथ नहीं लगी है। यही एक वेन्यू है जहां भारतीय टीम अभी तक अजेय है। यानी की टीम इंडिया को वांडरर्स में कभी भी हार का सामना नहीं करना पड़ा है।